संपादकीय

newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३ | ६ से १२ फरवरी २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024



संपादक सीमा गुप्ता

## विपक्ष के निशाने पर सरकार, अडानी का भवंडर

जब से अडाणी समूह को लेकर हिंडनबर्ग का सर्वेक्षण आया है, विपक्ष के निशाने पर सरकार आ गई है। विपक्षी दलों की मांग है कि इस मामले में सरकार जवाब दे। इस हंगामे के चलते संसद का बजट सत्र बार-बार स्थगित करना पड़ा। कामकाज बाधित रहे। हालांकि अडाणी समूह इस मामले में लगातार सफाई देने और अपनी स्थिति सुधारने में जुटा हुआ है, मगर शेयर बाजार में उसकी कंपनियों के शेयर लगातार नीचे की तरफ रुख किए हुए हैं। दुनिया के तीसरे नंबर के सबसे अमीर उद्यमी के पायदान से खिसक कर अडाणी शीर्ष बीस की सूची से भी नीचे चले गए हैं। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर तरह-तरह की चिंताएं जताई जाने लगी हैं। सबसे अधिक भ्रम आम निवेशकों में फैला हुआ है, जिन्होंने विभिन्न सरकारी संस्थानों में पैसे निवेश किए हैं। इसलिए कि अडाणी की कंपनियों में सबसे अधिक पैसा सरकारी बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसे संस्थानों का लगा हुआ है। हिंडनबर्ग का कहना है कि अडाणी समूह ने धोखाधड़ी करके अपनी कंपनियों के लिए सरकारी बैंकों से कर्ज लिया है और उनके शेयरों की कीमतें गलत ढंग से बढ़ा-चढ़ा कर पेश की गई हैं, जबकि वास्तव में उनका मूल्य काफी कम है। विपक्ष इसलिए सरकार पर हमलावर है कि उसका कहना है कि सरकार की सहमति से ही अडाणी समूह की कंपनियों को कर्ज दिए गए हैं। फिर यह कि जिन बैंकों ने कर्ज दिया, उन्होंने अडाणी समूह की कंपनियों की वास्तविक हैसियत का मूल्यांकन किए बिना आंख मूंद कर इतनी भारी रकम कैसे उनमें लगा दी। जीवन बीमा निगम ने भी किस आधार पर इतने बड़े पैमाने पर उसके शेयर खरीद लिए। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि प्रतिभूति बाजार में हुई गड़बड़ियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी सेबी की है, वह कैसे और क्यों अपनी आंखें बंद किए बैठा रहा। अब भी जब अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है, वह चुप्पी क्यों साधे हुए है। रिजर्व बैंक ने जरूर उन बैंकों से स्थिति रपट मांगी है, जिन्होंने अडाणी समूह की कंपनियों को कर्ज दिया है। मगर बहुत सारे लोगों को इस कार्रवाई पर भरोसा इसलिए नहीं हो रहा कि सरकार ने भी अभी तक चुप्पी साध रखी है। हालांकि शेयर बाजार में उथल-पुथल का असर कंपनियों की पूंजी और साख पर पड़ता है और इस बाजार के सटोरिए ऐसा खेल करते रहते हैं। मगर अडाणी समूह के शेयरों की गिरती कीमतों का मामला केवल इतना भर नहीं है। इसमें सरकार पर भी अंगुलियां उठ रही हैं कि उसी की सहमति से बैंकों ने नियम-कायदों को ताक पर रख कर कर्ज दिया। अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें गिरने से उन निवेशकों की धड़कनें बढ़ गई हैं, जिन्होंने इनमें काफी पूंजी लगा रखी है। उन्हें चिंता है कि उनकी पूंजी कभी लौट भी पाएगी या नहीं। हालांकि अडाणी खुद निवेशकों को भरोसा दिला रहे हैं कि उनकी साख कमजोर नहीं हुई है और उनके खिलाफ साजिश रची गई है। मगर भ्रम और आशंकाओं के बादल छंट नहीं रहे। ऐसे में सरकार से चुप्पी तोड़ कर इस मामले में सीधा और व्यावहारिक हस्तक्षेप की अपेक्षा की जाती है। निवेशकों का भरोसा कायम रहना बहुत जरूरी है। फिर, इस मामले में चूंकि सरकार की साख भी दांव पर लगी है, इसलिए उसे निष्पक्षता का परिचय देना ही चाहिए। सरकार जितनी देर चुप्पी साधे रहेगी, विपक्ष को उसे घेरने का मौका मिलता रहेगा।

# मरम्मत के नाम पर अवैध निर्माण की भरमार, अपनी ही सरकार से गुहार लगा रहे है सरनाईक

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर :जैसे जैसे जनसंख्या बढ रही है वैसे वैसे शहर में अवैध निर्माण पनप रहे है. अपनी ही सरकार से प्रताप सरनाईक निर्माणों पर रोक लगाने की गुहार लगा रहे है. बता दें कि इससे साफ जाहिर होता है कि राज्य की ईडी सरकार में अवैध निर्माणों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मीरा-भायंदर शहर में चल रहे अवैध निर्माणों से संबंधित एमबीएमसी के प्रशासक दिलीप ढोले को लिखे पत्र में सरनाईक ने आरोप लगाने के साथ ही तंज भी कसा है। पत्र में लिखा है कि शहर के विभिन्न परिसरों में अवैध झोपड़पट्टियों का साम्राज्य, मनपा अधिकारियों द्वारा प्रभाग स्तर पर अवैध रूप से दिए जा रहे रिपेयरिंग परमिशन (मरम्मत अनुमति) के आधार पर हाईवे पट्टे में अवैध रूप से गैरेज, लॉजेस, लेडीज बार, स्टूडियो आदि का निर्माण किया



जा रहा है। लगता है अन्य महानगरपालिकाओं को पीछे छोड़कर अवैध निर्माण के शहर के रूप में मीरा-भायंदर को प्रथम पुरस्कार मिलेगा क्या? सरनाईक ने अपने पत्र में कहा है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के काजूपाड़ा, वर्सोवा गांव, माशाचा पाड़ा, मीरा गांवठन आदि परिसरों में झोपड़पट्टियों का साम्राज्य बढ़ रहा है। आदिवासी और निजी जमीनों पर बड़े-बड़े स्टूडियो का निर्माण किया जा रहा है। मनपा के आरक्षित और निजी भूखंडों पर गैरेज, पुराने गोडाउन के रिपेयरिंग परमिशन पर मनपा के भ्रष्ट अधिकारियों की देखरेख में किए जा रहे अवैध निर्माण, लोकबस्ती के बीच अवैध लेडीज बारों के निर्माण, जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर तोड़े गए अवैध निर्माणों को न्यायालय के निर्णय का झूठा आधार लेकर पुन: निर्माण हो रहे हैं।

# फायर बिग्रेड की भरती को लेकर मचा बवाल

मुंबई : राज्य में कई पढ़े-लिखे युवा- युवती बेरोजगार हैं। वे रोजगार की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। अब तो आलम यह है कि सरकार भी इन बेरोजगारों पर अत्याचार कर रही है। शनिवार सुबह मुंबई महानगर पालिका की दमकल विभाग में भर्ती प्रक्रिया के दौरान रोजगार मांगने आए बेरोजगारों पर ईडी सरकार ने जमकर लाठियां बरसाई। इसके बाद उसी मैदान में जोरदार आंदोलन शुरू हो गया। इस हंगामे को शांत कराने के लिए मुंबई पुलिस को भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। मुंबई मनपा के फायर बिग्रेड में महिला अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया इन दिनों दहिसर-पश्चिम स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे मैदान में चल रही है। इसमें भर्ती होने के लिए दूर-दराज से आईं लड़कियां रात से ही इकट्ठा होकर उसी जगह भर्ती की तैयारी कर रही थीं, लेकिन सुबह उन्हें गेट के अंदर घुसने ही नहीं दिया गया, जिसके बाद अभ्यर्थियों ने मनपा के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। नारेबाजी के दौरान पुलिस और लड़कियों में धक्का-मुक्की



शुरू हो गई। लड़कियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके हाथ-पैर और घुटनों पर लाठियां चलाईं। इस लाठी चार्ज में कुछ लड़कियों ने सिर पर चोट आने की भी शिकायत कीं। उनका कहना था कि वे किसानों की बेटियां हैं। उनकी हाइट शर्तों को पूरी करती हैं, फिर भी मनमानी तरीके से उन्हें रिजेक्ट किया जा रहा है। प्रशासन किसानों की बेटियों के साथ अन्याय कर रहा है। उनका कहना है कि यह भर्ती प्रक्रिया तुरंत बंद की जाए और फिर से सारी प्रक्रिया शुरू की जाए या हाइट फिर से चेक करवाया जाए। मनपा अग्निशमन दल अधिकारी संजय मांजरेकर ने बताया कि ३,३१८ महिला उम्मीदवारों, जो हाइट मानदंड के अनुसार योग्य थीं, उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया के लिए चुना गया। विरोध करनेवाली महिलाएं वे हैं, जो देर से आईं। हम उन लोगों को अनुमति नहीं दे सकते जो सुबह १० बजे पहुंचे, जबकि समय सुबह ८ बजे का था। मुंबई महानगर पालिका फायर ब्रिगेड में ९१० रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित किया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया १३ जनवरी से शुरू हो चुकी है। इस भर्ती में लड़कियों की ऊंचाई तकरीबन १६२ सेंटीमीटर बाध्य की गई है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि १६३ या १६४ सेंटीमीटर कद वाले उम्मीदवारों को भी बाहर बिना वजह निकाल दिया गया, जिसके बाद नाराज अभ्यर्थियों ने सुबह से हंगामा करना शुरू कर दिया।

# पुरानी रंजिश को लेकर आयुष ने अंकुश राज को उतारा मौत के घाट, आरोपी पहुंचे हवालात

**भायंदर।** मीरा रोड परिसर में स्थित एक पेट्रोल पंप पर पुरानी रंजिश को लेकर एक २० वर्षीय युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। मृत युवक का नाम अंकुश राज है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घंटों के भीतर सभी नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्ष राज तथा आयुष भानु प्रताप सिंह के बीच में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। झगड़ा छुड़ाने के लिए अंकुश राज ने मध्यस्थता की इसके बाद अंकुश राज और आयुष सिंह में फिर झगड़ा शुरू हो गया। झगड़े में आयुष सिंह तथा



उनके साथियों ने मिलकर अंकुश राज की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। अंकुश राज की मां रूपा देवी राजेश कुमार राज की शिकायत पर मीरा रोड पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए मीरा रोड पुलिस ने सक्रियता दिखाई और कुछ ही घंटों के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शाम को ही पुलिस ने ५ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। देर रात चार आरोपी और गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों के नाम आयुष भानु प्रसाद सिंह, आकिब खालिद अंसारी, शेख फरहान नजरे आलम, अरमान हबीब लदाफ, हैदर पैगंबर पठान, अशफाक अख्तर मंसूर, मेहताब रहीमुद्दीन खान, अमित सौरव सिंह तथा सरवर हुसैन सफीउल्लाह खान है। पुलिस द्वारा की गई जांच से पता चला है कि आयुष प्रताप सिंह और मृत युवक के मामा हर्ष राज के बीच पहले से ही झगड़ा चल रहा था। समझा जाता है इसी पुरानी रंजिश को लेकर आयुष सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंकुश राज की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महिला क्रिकेट खिलाडियों का आयुक्त ने बढाया हौसला



भायंदर : मीरा भायंदर क्रिकेट अकादमी की ओर से ०२ फरवरी २०२३ को आर.बी.के. स्कूल से सटे नगर निगम के मैदान में महिलाओं के लिए टी२० क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उक्त मैच के दौरान मीरा भायंदर नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर निगम सहायक आयुक्त योगेश गुनीजन, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के प्रतिनिधि पी.वी. शेट्टी, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के अध्यक्ष अजय दुबे, मीरा भायंदर क्रिकेट अकादमी के प्रतिनिधि और




महिला खिलाडी मौजूद थीं। मीरा भायंदर शहर में पहली बार महिलाओं के लिए क्रिकेट का आयोजन किया गया था। कमिश्नर ने मीरा भायंदर क्रिकेट एकेडमी और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। भारतीय महिला क्रिकेट ने हाल के दिनों में काफी सफलता हासिल की है। मुझे विश्वास है कि विभिन्न क्रिकेट अकादमियां भविष्य में मीरा भायंदर शहर से उत्कृष्ठ महिला क्रिकेटर तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। कमिश्नर ने कहा कि जिस तरह पुरुष क्रिकेट वर्ग के लिए नगर निगम प्रशासन तरह-तरह के प्रयास करता है, उसी तरह महिला क्रिकेट को भी प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने किया और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नकली पुलिस बनकर महिलाओं को बनाते थे शिकार, वसुलीबाज चढे पुलिस के हत्थे

भायंदर : नवघर पुलिस ने सुदर्शन खंदारे और जितेंद्र पटेल को भायंदर पूर्व के जैन हॉस्पिटल के बगल वाली इमारत में रहने वाली एक महिला को वेश्या व्यवसाय के मामले में फंसाने का डर दिखा कर ४० हजार रुपए वसूलने के मामले में गिरफ्तार किया हैं।, पुलिस की माने तो गिरफ्तार आरोपी संगठित होकर एक प्लान के तहत नकली पुलिस वाला बनकर पैसों की वसूली करते इस घटना से पहले भी गिरफ्तार आरोपियों पर इसी तरह के मामले और अश्लील वीडियो बनाकर पैसे वसूलने के मामले दर्ज हैं। भायंदर पूर्व की नवघर पुलिस की गिरफ्त में मौजूद सुदर्शन खंदारे और जितेंद्र पटेल अपने दूसरे साथियों और देह व्यपार लिप्त महिला के साथ मिलकर पहले किसी मोटी आसामी को अपने जाल में फसाते उसके बाद किसी गरजु महिला को अपनी बातों में फंसा कर उसका घर कुछ घन्टे के लिए भाडे.से लेते उसके बाद जब इनके टीम की महिला किसी कस्टमर को लेकर तय किए घर में जाती तो ये आरोपी पीछे से उस घर में पुलिस वाला बनकर



जाते और तय प्लान के मुताबिक महिला के साथ गए व्यक्ति और घर की मालिकन को देह व्यपार के चलाने के मामले में गिरफ्तार करने का डर दिखा कर उनसे मोटी रकम ऐंठते, इस बार भी इन आरोपियों ने अपने तय प्लान के मुताबिक भायंदर पूर्व के जैन हॉस्पिटल के बगल के इमारत में की रहने वाली पीडित महिला को अपने बह जाल में फंसा कर उससे जबरन उसके गहने पास के अनमोल ज्वैलर्स २८ के यहां गिरवी रखवा कर ४० हजार की अवैध वसूली की ओ, मगर इस बार इन आरोपियों की कोई भीआ चालबाजी कामयाब नही रिस हुई क्योकि महिला ने किसी तरह नवघर पुलिस को फोन कर उनसे २६ जनवरी की शाम मदद प्रति मांगी नवघर पुलिस ने महिला की शिकायत पर २५ तुरन्त कार्रवाई करते हुए अपने दो पुलिस कर्मचारियो को ना महिला के घर पर भेजा जिसके बाद नवघर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कि भारतीय दंड सहिंता १८६० के धारा १२०- बी, १७०, ३४, ३८५, ४१९, ४२०, ३८५ के तहत मामला दर्ज किया हैं।

## नागपुर में शिक्षक परिषद के चुनाव में भाजपा की हार, कांग्रेस की जीत

मुंबई : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के गृह जिले और भाजपा, आरएसएस का गढ़ माने जानेवाले नागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की भारी मतों से विजय हुई है। इस चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार ना. गो. गाणार बुरी तरह से हार गए हैं और कांग्रेसी उम्मीदवार सुधाकर अड़बाले भारी मतों से विजयी हुए हैं। भाजपा के गढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार को पहली पसंद के करीब ५५ प्रतिशत मत मिलने से राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह के चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसी पृष्ठभूमि पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक



पत्रकार परिषद में नागपुर सीट को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि नागपुर की सीट हम जीत नहीं पाए, इसका मुझे दुख है। लेकिन नागपुर की शिक्षक परिषद और कोकण शिक्षक परिषद की जगह भाजपा को लड़नी चाहिए, ऐसा मैंने सुझाव दिया था और आग्रह भी किया था। कोकण शिक्षण परिषद के सुझाव को मान लिया गया, लेकिन नागपुर के आग्रह को स्वीकार नहीं किया गया। नागपुर में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार गाणार को समर्थन दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हम यह सीट नहीं जीत सके, ऐसा भी फडणवीस ने कहा।

# ६ रुपए में बिक रहे पाकिस्तान सुपर लीग के टिकट



पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार भी खाली होने लगा है। यही नहीं, उसके पास कर्मचारियों को सैलरी देने तक के पैसे नहीं बचे। इस मुश्किल हालत में कुछ दिनों में पाकिस्तान सुपर लीग का आयोजन कर रहा है, जिसका काउंट डाउन शुरू हो गया है। १ ३ फरवरी से लीग का आगाज होगा, मगर इस सुपर लीग में आयोजकों के पसीने छूट गए हैं। इस लीग में पहले पाकिस्तान टीम के मौजूदा कप्तान बाबर आजम और पूर्व कप्तान सरफराज अहमद के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। बलूचिस्तान क्रिकेट एसोसिएशन बाबर आजम इलेवन और सरफराज अहमद इलेवन के बीच ५ फरवरी को एग्जीबिशन मैच की मेजबानी करेगा। बाबर पेशावर जाल्मी और सरफराज क्वेटा ग्लैडिटर्स के कप्तान हैं। पाकिस्तान सुपर लीग से पहले दोनों के बीच यह रोमांचक मुकाबला ५ फरवरी को खेला जाएगा। लेकिन पाकिस्तान के लोग इस मुकाबले को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। पाकिस्तानी लीग के आयोजकों को इस मुकाबले के लिए काफी सस्ते में टिकट्स बेचनी पड़ रही है। एग्जीबिशन मुकाबले की टिकट्स की कीमत २० पाकिस्तानी रुपए यानी भारतीय करेंसी में ६ रुपए के करीब है। ऐसे में कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान के लोगों को एग्जीबिशन मुकाबले की २० रुपए की टिकट खरीदने के लिए भी काफी सोचना पड़ रहा है।

# वर्ल्डकप दिलानेवाले बॉलर ने लिया संन्यास

हिंदुस्थान को वर्ष २००७ में टी-२० वर्ल्डकप के मुकाबले में जीत दिलानेवाले तेज गेंदबाज जोगिंदर शर्मा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का एलान कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में पहली बार आयोजित वर्ल्डकप के फाइनल में जोगिंदर ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में कमाल किया था। जीत के करीब पहुंच चुके पाकिस्तान के बल्लेबाज मिसबाह उल हक को आउट करते हुए इस गेंदबाज ने धोनी की अगुवाई वाली टीम इंडिया को विश्व विजेता बना दिया था। जोगिंदर शर्मा ने अपने संन्यास का एलान करते हुए ट्विटर पर अपनी चिट्ठी को शेयर किया है। उन्होंने यह चिट्ठी बीसीसीआई के सचिव जय शाह को भेजी है। जोगिंदर ने चिट्ठी में लिखा है कि २वह बीसीसीआई, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन, चेन्नई सुपर किंग्स और हरियाणा सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं। जोगिंदर शर्मा ने अपने फैंस, परिवार, दोस्तों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने करियर के उतार-चढ़ाव में उनका साथ दिया।



# लड़ने को तरसता अभिमन्यु

यूं छोटे-मोटे युद्ध तो वो लड़ रहा है और इसके जरिए उसने सबको दिखा भी दिया कि वो बड़ा योद्धा है मगर अपनी मुख्य सेना में उसे लड़ने के लिए शामिल नहीं किया जा रहा है और तो और उसकी उम्र भी इसी इंतजार में कट रही है। ये है आज का अभिमन्यु। घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करनेवाले अभिमन्यु ईश्वरन दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने झारखंड के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल मैच में ७७ और नाबाद २८ रनों की पारी खेली। इससे पहले ओडिशा के खिलाफ उन्होंने शतक जमाया था। ईडन गार्डन्स में खेले गए उस मैच में अभिमन्यु ने दूसरी पारी में बतौर ओपनर १७५ गेंदों पर १०१ रन ठोके थे। उत्तराखंड के खिलाफ मुकाबले में तो अभिमन्यु ईश्वरन ने गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। देहरादून में खेले गए रणजी ट्रॉफी के ग्रुप-ए मैच में उन्होंने पहली पारी में १६५ जबकि दूसरी पारी में नाबाद ८२ रन जोड़े, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। अभिमन्यु ईश्वरन अभी २७ साल के हैं लेकिन वे टीम इंडिया की जर्सी पहनने में कामयाब नहीं हो सके हैं। उन्होंने अभी तक ८४ फर्स्ट क्लास मैचों में २१ शतक और २६ अर्धशतकों की मदद से कुल ६,३१४ रन बनाए हैं।

# बच्चे की अम्मा से बेरेटिनी का प्यार

अब यह तो मामला प्यार का है जहां सब कुछ जायज है। टेनिस स्टार माटेओ बेरेटिनी के बारे में खबर है कि वह बार्सिलोना और टोटेनहम स्टार की पूर्व पत्नी को डेट कर रहे हैं। इतालवी पत्रिका ची के अनुसार, बेरेटिनी को इतालवी टीवी प्रस्तोता और पत्रकार मेलिसा सट्टा के साथ नजदीकियां बढ़ाते हुए देखा जा रहा है। इस हफ्ते की शुरुआत में इस जोड़ी को मिलान के एक रेस्टोरेंट में देखा गया था। ची ने दावा किया कि युगल इससे पहले एक बास्केटबॉल खेल में भी देखा गया था, जहां दोनों ने एक-दूसरे को किस किया था। मेलिसा २०१५ में मैक्सिम पत्रिका की मॉडल थीं और २०१० में स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड में दिखाई दी थीं।

# स्वर्गीय चाँदमल मित्तल की याद में चौक का गीता जैने ने किया शुभारंभ

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर :** मीरा भायंदर मनपा द्वारा ज्येष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय चाँदमल मित्तल चौक को मंजूरी देते हुये विधायक गीता जैन की उपस्थिति में गुरुवार समाज बंधुओं की उपस्थिति में विधिवत उद्घाटन किया गया। परम शिव भक्त एवं समाजसेवी रहे स्व.चाँदमल मित्तल चौक को मनपा प्रशासन द्वारा ३० नवम्बर को मंजूरी प्रदान की गयी। सुजाता शापिंग सेंटर नवघर रोड जंक्शन पर हुए उद्घाटन समारोह में समाज के अनेक गणमान्य प्रतिभाओ ने हिस्सा लिया। विधायक गीता भरत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष एड. रवि व्यास, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश महामंत्री प्रद्युम्न शुक्ला,मनपा के पूर्व नगरसेवक मदन सिंह, डा. सुशील अग्रवाल, धनराज अग्रवाल, शरद पाटिल, पंकज पाण्डेय (दरोगा), सुरेश खंडेलवाल, ओमप्रकाश गाडोड़िया, शिव प्रकाश भूदेका, पूर्व नगरसेविका सुमन कोठारी, अग्रवाल सेवा समिति के गिरधर लाल सक्सेरिया, विजय फतेहपुरिया,नरेंद्र गुप्ता,जय प्रकाश गुप्ता, भीकम चन्द अग्रवाल, सुशील खेतान, निलेश धरनी धरका, नवल सक्सेरिया, अनिता गाडोड़िया, संजय अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल,मनोज खेमका, नारायण पोद्दार, स्टील ऐशोसियेशन के हंसु कुमार पांडेय, हितेंद्र गड़ा, सुभाष शाह, प्रवीण संघवी, भोप सिंह, हेमचंद करानी, नरेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल,मण्डल अध्यक्ष उपेंद्र सिंह (वत्स), सत्येंद्र शर्मा, महिला मण्डल अध्यक्ष माधुरी राय, मनपा के नगरसचिव वासुदेव शिरवलकर,भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष उत्तम पुरोहित, समाजसेवी बीरवल विश्नोई,कमलाकर घरत, राजू मंगल, शिवसेना प्रवक्ता शैलेस पाण्डेय, लालचंद प्रजापति, विजय शंकर तिवारी, नरेंद्र मोदी, नंदू चौधरी, प्रशांत दोडे,अमित जैन, गुंजन नागड़ा, सुरेश शाह,भरत शाह, घनश्याम बगड़िया, अरुण बगड़िया, नरेश बगड़िया, उमाकान्त नागलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे चौक का फीता काटकर उद्घाटन गीता जैन व जिलाध्यक्ष रवि व्यास ने किया। कार्यक्रम मे आये सभी अतिथियों का स्वागत राजेंद्र मित्तल, नरेंद्र मित्तल, हर्षवर्धन मित्तल, ऋषि मित्तल ने किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अनिल नरेंद्र उपाध्याय ने किया। गीता भारत जैन चांदमल मित्तल के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुये कहां की समाजसेवा के क्षेत्र में हम सबको स्वर्गीय चांदमल मित्तल से प्रेरणा लेनी चाहिये। स्वर्गी चांदमल मित्तल के सामाजिक कार्य हम सभी को प्रेरणा देते है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज अग्रवाल अपने मामा स्वर्गीय चांदमल मित्तल के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला और पुरानी स्मृतियों को चर्चा करते हुये कहा कि यह कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिये था परंतु देर हुआ दुरुस्त हुआ। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष रवि व्यास, पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गाडोदिया, मदन सिंह ने संबोधित किया। श्री भायंदर स्टेनलेस स्टील मैन्युफैक्चर एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन, एवं अग्रवाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर राजेंद्र मित्तल परिवार का बहुमान किया! कार्यक्रम में विशेष रूप से स्व.चांदमल मित्तल की धर्मपत्नी शांति देवी विशेष रूप से उपस्थित रही।



# कोरोना के बाद ऑनलाइन हो रहा गंदा धंधा! मुंबई में बढ़ रहा जिस्म का कारोबार

**मुंबई :** मुंबई शहर को सपनों का शहर कहा जाता है। यहां मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में हजारों लड़कियां अपना करियर बनाने के लिए पहुंचती हैं। उनमें चंद लड़कियां ही सफलता का स्वाद चख पाती हैं, बाकी अंधेरी गलियों में धकेल दी जाती हैं। फिलहाल, शहर में जिस्मफरोशी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि महानगर में पिछले चाल साल में ५५१ महिलाओं को देह व्यापार करानेवालों के चंगुल से छुड़ाया गया, जबकि २९३ आरोपियों को हवालात पहुंचाया गया। इसमें ऑनलाइन की डिमांड ज्यादा है। ये गंदा धंधा खूब फल-फूल रहा है। वर्ष २०२२ में मुंबई पुलिस ने १४१ महिलाओं को देह व्यापार करानेवालों के चंगुल से छुड़ाया, जबकि १०२ आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया। इससे पहले देश में फैले वैश्विक महामारी के कारण देह व्यापार पर भी लगाम लग गई थी। साल २०२१ में पुलिस ने देह व्यापार में धकेली गई ९ नाबालिगों समेत ३४ महिलाओं को बचाया था और १७ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। इसी तरह साल २०२० में पुलिस ने ६१ महिलाओं को छुड़ाया था, जबकि ४० आरोपियों को गिरफ्तार किया था। साल २०१९ में मुंबई में दो नाबालिगों समेत ३१५ महिलाओं को देह व्यापार के दलदल से मुक्त कराया गया और ११७ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हाल ही में पश्चिम बंगाल से नाबालिग को लाकर मुंबई में देह व्यापार करानेवाले दो आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया। आरोपियों को छापा मारकर पकड़ा गया और नाबालिग को रिहा कराकर सुधारगृह भेज दिया गया।








# २३ साल के चोर के पास से साढ़े सात लाख की १५ स्कूटी जब्त, मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर

मुंबई: देश की आर्थिक राजधानी के मुलुंड इलाके में मुंबई पुलिस को स्कूटी और बाइक चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर जोन-७ के डीसीपी पुरुषोत्तम कराड की देखरेख में पुलिस की एक टीम का गठन किया गया और बाइक चोर गैंग की तलाश शुरू हुई। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी और मुखबिरों के माध्यम से अपनी जांच को आगे बढाया। इसी बीच में पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर गौरंग आनंद नाम के एक २३ साल के युवक को गिरफ्तार किया। इस अपराधी को देखकर यह कहना मुश्किल था कि यह बाइक चोरी जैसी वारदात में शामिल होगा। हालांकि, जब पुलिस ने इससे कडाई से पूछताछ की तो वह भी दंग रह गए। पुलिस ने आरोपी के पास से १५ स्कूटी जब्त की है। पुलिस की पूछताछ में गौरंग आनंद ने बताया कि जिस स्कूटी पर उसकी नजर होती थी वह उसके मालिक पर निगरानी रखता था। जैसे ही मालिक स्कूटी से दूर जाता था वह स्कूटी लेकर फरार हो जाता था। अब आप सोच रहे होंगे कि वह स्कूटी को कैसे लेकर रफूचक्कर होता था? दरअसल वह इसके लिए की-मेकर से संपर्क करता था। उन्हें भरोसा दिलाने के उनके व्हाट्सएप पर आधार नंबर भेजकर डुप्लीकेट चाभी बनवाता था। बाद में फिर अपनी पहचान छिपाने के लिए व्हाट्सएप पर भेजे गए आधार नंबर को डिलीट भी कर देता था। इतना ही नहीं चोरी की हुई बाइक या स्कूटी को बेचने के लिए वह लोगों से यह कहता था कि लोन न चुका पाने की वजह से फाइनेंस कंपनियों ने इन इस स्कूटी या बाइक को जब्त किया है। सस्ते में मिल रही बाइक या स्कूटी को लोग हाथों-हाथ खरीद लेते थे। इस तरह से गौरांग चोरी का धंधा लंबे समय से चला रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से १५ स्कूटी बरामद की है।



# बिना सिम कार्ड के १० हजार से ज्यादा कॉल, मुंबई पुलिस का भी सिर चकराया, मालाड से अरेस्ट हुआ आरोपी

मुंबई: एक युवक ने पिछले दो साल से मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को दस हजार से ज्यादा कॉल्स कीं और वह भी बिना सिम कार्ड के। क्राइम ब्रांच ने इस युवक को पकडा, लेकिन बाद में उसे छोड दिया, क्योंकि वह मानसिक रूप से बीमार था। इस युवक ने कुछ साल पहले कभी किसी महिला को कॉल लगा दिया था, इसलिए वह महिला युवक के परिवार में झगडा करने आ गई थी। इसके बाद युवक के पिता ने मोबाइल से सिम कार्ड निकाल दिया और अपने बेटे को दे दिया। बेटा मोबाइल में ऐसे ही कुछ बटन दबाता रहता था। एक दिन उसके मोबाइल में १०० नंबर दब गया। १०० नंबर पूरे देश में पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर होता है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम की किसी महिला सिपाही ने कॉल उठाया, लेकिन सामने वाले ने कोई जवाब नहीं दिया। धीरे-धीरे फिर और कॉल्स आने लगे। हर बार सामने वाला कुछ बोलता ही नहीं था, लेकिन उसे महिला पुलिस कर्मियों की 'हैलो, हैलो' की आवाज बहुत अच्छी लगती थी। पुलिस कंट्रोल रूम में काम करने वाले पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों को इस बात की ट्रेनिंग दी गई है कि वह एक तो सामने वाले की कॉल कट नहीं करेंगी, दूसरे उनसे ऊंची आवाज में कभी बात नहीं करेंगी। उन्हें धैर्य रखने और विनम्र रहने की ट्रेनिंग दी गई है। यदि सामने वाला गाली दे रहा है या अश्लील बात कर रहा है, तो भी उसे यह तो चेतावनी दी जाएगी, कि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है या की जाएगी, लेकिन कंट्रोल रूम में खुद पुलिस अपनी सीमा नहीं लाघेंगी। कई महीने तक बिना किसी बातचीत के कॉल करने वाले ने धीरे-धीरे जब कंट्रोल रूम में काम करने वाली महिला सिपाहियों से अश्लील बातचीत करने की कोशिश की, तब मामला जांच के लिए सीआईयू के चीफ मिलिंद काठे की टीम के पास गया।






















# तुम ही तो मेरी दुनिया हो

रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा का मस्तीभरा अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आता है। दोनों बॉलीवुड के ऐसे कपल है, जो हमेशा हंसते-खिलखिलाते रहते हैं। फिल्म इंडस्ट्री के इस प्यारे कपल ने शुक्रवार ३ फरवरी को अपनी ११वीं वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट की। इसे सेलिब्रेट करने के लिए दोनों ने एक अनोखा तरीका चुना। इंस्टाग्राम पर



जेनेलिया और रितेश ने अपनी एक लेटेस्ट रील शेयर की है। रील इतना फनी है कि हंस-हंस कर देखने वाले के पेट में दर्द हो जाए। वीडियो में जेनेलिया और रितेश ग्रे कलर की मैचिंग हुडी में नजर आ रहे हैं, जिस पर लिखा है- दुनिया के अंत तक साथ रहेंगे। रील की बात करें तो वीडियो में जेनेलिया पति से कह रही हैं, मैं तुम्हारे लिए पूरी दुनिया से लड़ सकती हूं। जवाब में रितेश ने कहा, तुम तो सारा दिन मुझसे ही लड़ती रहती हो। इस पर जेनेलिया ने पलटकर जवाब देते हुए कहा, हां तो, तुम ही तो मेरी दुनिया हो।

# गंदे काम की डिमांड


बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि साउथ फिल्म जगत भी कास्टिंग काउच की गिरफ्त से बचा नहीं है। यहां की कई अभिनेत्रियों ने साउथ सिनेमा की दुनिया में कास्टिंग काउच का अनुभव महसूस किया है, जिसके बाद साउथ की हसीनाओं ने इस गंभीर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखी है। इस खास लिस्ट में नयनतारा से लेकर अनुष्का शेट्टी तक का नाम शामिल है और अपने इस दर्द को अदाकाराओं ने बयां किया है। हाल ही में लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने



अपने इंटरव्यू में खुलासा किया कि उन्हें एक बार फिल्म में लीड रोल ऑफर हुआ था, वो भी ३फेवर के बदले। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें फिल्म में लीड रोल के लिए गंदा काम करने के लिए कहा गया था। लेकिन वो खुद को बहादुर मानती हैं और कहा कि उन्होंने उसका तुरंत जवाब दिया और डायरेक्टली मना कर दिया। बता दें कि नयनतारा फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रही हैं। उनका नाम प्रभु देवा जैसे कई स्टार्स के साथ जुड़ चुका है। बहरहाल, नयनतारा पिछले कुछ समय से अपने जुड़वां बच्चों के साथ बिजी हैं। उनके साथ अक्सर उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पति विग्नेश शिवन शेयर करते रहते हैं। इनके बीच कमाल की बॉन्डिंग देखने के लिए मिलती है, जिसे फैंस काफी पसंद करते हैं। बहुत जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म ॐजवान में शाहरुख खान के साथ नजर आनेवाली हैं।

# ओटीटी पर शादी!

इन दिनों बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बहुत जल्द ही सात फेरे लेकर एक-दूजे के होने जा रहे हैं। उनकी शादी का चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि यह पावर कपल जैसलमेर के फाइव स्टार होटल ३सूर्यगढ़ में एक-दूजे का होने जा रहा है। ऐसे में कपल की शादी की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। हर रोज इनकी शादी से जुड़ी



नई-नई अपडेट्स सामने आ रही हैं। हाल ही में सामने आ रही एक नई अपडेट उनके फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आई है। बता दें कि प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसे देख हर कोई हैरान है। इस पोस्ट में एक कोलाज शेयर किया गया है, जिसमें एक तरफ सिद्धार्थ-कियारा की फोटो है और दूसरी तरफ एक फाइव स्टार होटल की तस्वीर लगी है, जिसमें शूटिंग होते हुए दिखाया गया है। इस पोस्ट के बाद से ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि कपल की शादी की डॉक्यूमेंट्री प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो सकती है। बता दें कि साउथ इंडस्ट्री के कपल नयनतारा और विग्नेश शिवन की शादी की डॉक्यूमेंट्री ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हुई थी।

# एक्शन का डबल डोज

दीपिका पादुकोण अपनी फिल्म ॐपठान को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म में उनके एक्शन सीन्स को काफी पसंद किया जा रहा है। उनके एक्शंस को देखकर फैंस को ३टाइगर जिंदा है कि जोया यानी कैटरीना कैफ की याद



आ गई। अब कितना दिलचस्प होगा अगर ये दोनों एक्ट्रेसेस एक साथ ऑनस्क्रीन नजर आएं? होगा न मजेदार। फिल्म ३पठान के राइटर श्रीधर राघवन के एक इंटरव्यू ने फैंस को ये कयास लगाने पर मजबूर कर दिया है कि अगर ये दोनों एक साथ नजर आएंगी तो एक्शन का डबल डोज तो पक्का होगा। दरअसल, हाल ही में इस बारे में बात करते हुए फिल्म राइटर ने बताया कि फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा के जहन में कई फिल्में चल रही हैं। यही वजह है कि उन्होंने स्पाई यूनिवर्स को तैयार किया है, जिसमें फिल्म के मेल सितारे और फीमेल एक्ट्रेसेस के बीच भी कहानी अलग से बुनी जा सके। उन्होंने कहा कई सारी संभावनाएं हैं। राइटर ने इशारा दिया है कि अदाकारा दीपिका और कैटरीना भी निर्माता आदित्य चोपड़ा के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में नजर आ सकती हैं।

# गुटखे की जांच कैसे हो ? : मंत्री महोदय के पास टेस्टिंग अनुमति देने का वक्त नहीं !

मुंबई : महानगर में गुटखा, सुगंधित तंबाकू एवं तंबाकूयुक्त पान मसाला पर भले ही सरकार ने पाबंदी लगाई हो लेकिन गुटखा तस्करों की पहुंच के चलते मुंबई के कोने-कोने में गुटखा बिक रहा है। मुंबई में जहां-तहां, स्कूलों के पास तक गुटखा बेचनेवालों एवं तस्करों पर पुलिस और एफडीए के अधिकारी कार्रवाई करते हैं। लेकिन पिछले दो महीने से गुटखा के मामले में पकड़े जानेवाले आरोपियों को सरकार की लापरवाही के चलते दोषी साबित करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में आरोपी आसानी से छूट जाते हैं। इसकी बड़ी ही खास वजह है। वजह यह है कि मंत्री महोदय के पास टेस्टिंग अनुमति देने का वक्त ही नहीं है तो पकड़े गए गुटखे की जांच होगी तो होगी वैंसे? मनपा के अधिकार क्षेत्र के टेस्टिंग लैब में गुटखा, सुगंधित तंबाकू आदि सैंपल की जांच कराई जाती है। सरकार नोटिफिकेशन जारी कर मनपा को रिपोर्ट जारी करने का अधिकार देती है। लेकिन पिछले वर्ष २ दिसंबर को इसकी मियाद खत्म हो गई है। इस नोटिफिकेशन को पुन: जारी कर इस मामले में मनपा के अधिकार की समय-सीमा बढाना था। लेकिन ३मिंधे सरकार के एफडीए मंत्री





संजय राठौड़ के पास ऐसे गंभीर मामलों के लिए वक्त ही नहीं है। सरकार के पास इतना वक्त नहीं है कि मनपा को अनुमति को आगे बढ़ाने का पत्र जारी करें, सरकार की इस लापरवाही का नतीजा यह है कि ऐसे मामलों के आरोपी पुलिस की कार्रवाई के चंगुल से बच रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई में सरकार की तरफ से एफडीए डिपार्टमेंट का बांद्रा में लैब है तो फॉरेंसिक लैब कालीना में है और दादर में मनपा का लैब है। एफडीए डिपार्टमेंट का लैब पर इतना प्रेशर होता है कि वह गुटखा से जुड़े मामले की जांच को सीधे टाल देता है। इस लैब में यदि गुटखा की जांच के लिए आवेदन किया जाता है तो कई महीनों तक वह पेंडिंग रहता है। जबकि कालीना में फॉरेंसिक लैब ऐसे मामले की जांच से सीधे इनकार करता है। फॉरेंसिक लैब सीरियस क्राइम अपराधिक मामलों को लेकर जांच करता है। ऐसे में मनपा के लैब में गुटखा, सुगंधित तंबाकू आदि की जांच का कराई जाती है।

# कोर्ट को गुमराह किया तो कड़ी भूमिका अपनाएंगे! बच्चू कडू को सत्र न्यायालय की फटकार



मुंबई : मंत्रालय में अधिकारी के साथ मारपीट के मामले में शनिवार को सत्र अदालत ने फिर प्रहार संगठन के विधायक बच्चू कडू को फटकार लगाई है। कडू ने बीमारी का हवाला देकर कोर्ट में हाजिर न होने की छूट मांगी। जैसे ही कडू के वकील के जरिए छूट का आवेदन दिया गया, सेशन कोर्ट के जज भड़क गए। कडू बीमार हैं तो सार्वजनिक कार्यक्रमों में वैंसे शामिल हो सकते हैं? अगर आपने कोर्ट को गुमराह किया तो हम कड़ा रुख अपनाएंगे। ऐसी कड़ी चेतावनी कोर्ट ने कडू को दी। दुर्घटना में घायल होने के कारण बच्चू कडू को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उसके बाद वह पिछली सुनवाई में हाजिर नहीं हो सके। कोर्ट ने पहले भी उन्हें नोटिस जारी किया था। पिछली सुनवाई में सत्र न्यायाधीश राहुल रोकड़े ने कडू को एक दिन की छूट दी थी, परंतु कडू शनिवार की सुनवाई के दौरान भी अनुपस्थित रहे। उनके वकील विनोद सिंह ने बताया कि वे गंभीर बीमारी के कारण पेश नहीं हो सके और उन्होंने पेश होने की छूट के लिए आवेदन किया। इस पर जज भड़क गए और वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि कडू गंभीर रूप से बीमार हैं तो सार्वजनिक कार्यक्रमों में वैंसे दिखते हैं? सेशन कोर्ट के जज रोकड़े ने स्पष्ठ चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आपने कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की तो कोर्ट सख्त कार्यवाही करेगी।

# लोनावला के व्हिस्परिंग वुड्स होटल में लड़के-लड़कियों का न्यूड डांस, नौ युवतियों समेत ५३ लोग गिरफ्तार



लोनावला: महाराष्ट्र समेत देश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन लोनावला के व्यू व्हिस्परिंग वुड्स होटल में लडक़े लडकियों की न्यूड डांस पार्टी पर पुलिस की छापेमारी हुई है। आधी रात तेज आवाज में गाने लगाकर नंगे बदन अश्लील डांस कर रहे ५३ लोगों को लोनावला पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। जिसमें से ४४ पुरुष और ९ लडक़ी है। लोनावला के सहायक पुलिस अधीक्षक (असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस) सत्यसाईं कार्तिक द्वारा इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोनावला इलाके के होटल वालों के बीच में खौफ का माहौल है। पुलिस की माने तो उन्हें इस बात की सूचना मिली थी कि लोनावला के व्हिस्परिंग वुड्स होटल में युवक-युवतियों द्वारा नंगे बदन अश्लील डांस किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर होटल पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में पुलिस ने ५३ लोगों को बिना कपडों के डांस करते हुए पाया। पुलिस ने मौके से साउंड सिस्टम को जब्त करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। लोनावला इलाके के आसपास पुणे और मुंबई समेत कई पर्यटन स्थल हैं। जहां लोग घूमने-फिरने और रहने के लिए आते रहते हैं। पुलिस को इस बात का शक है कि इस न्यूड डांस पार्टी में स्थानीय लोगों के अलावा कुछ बाहरी लोगों का भी समावेश है। पुलिस ने कई युवक-युवतियों को नशे की हालत में पाया है। पुलिस ने जैसे ही है छापेमारी की कई लोगों ने घटनास्थल से भागने का भी प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने सभी लोगों को अपनी गिरफ्त में लिया है।

महाराष्ट्र शासन

**कार्यकारी अभियंता (विद्युत) यांचे कार्यालय**

ठाणे विद्युत विभाग, सार्वजनिक बांधकाम विभाग परिसर,
मराठी ग्रंथ संग्रहालयाजवळ, स्टेशन रोड,
ठाणे(पश्चिम),पिन-400 601

| Website : www.mahapwd.gov.in// Email : elthane.ee@mahapwd.gov.in | दुरध्वनी क्र.022-25333144/25304514 |
|---|---|
| जा क्र. काअ/ ठाविवि/निविदा-२/ ४०२ / सन २०२३ | दिनांक : ०२/०२/२०२३ |

## निविदा सुचना क्र. ३७ सन २०२२-२०२३

संदर्भ :- १. सा.बां.विभाग, मंत्रालय,मुंबई शासन निर्णय क्र. सीएटी २०१७/प्र.क्र.८/इमारती-२ दिनांक २७ सप्टेंबर २०१८
२. महाराष्ट्र शासन, सा.बां. विभाग, शासन निर्णय क्र. सीएटी २०१७/प्र.क्र. ८/इमारती-, मंत्रालय, मुंबई दि. २० मे २०२१

कार्यकारी अभियंता, ठाणे विद्युत विभाग, सा. बां. विभाग, ठाणे (पश्चिम), दुरध्वनी क्र. (०२२) २५३३३१४४ यांचेकडुन महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडुन योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडुन खालील कामांकरीता ब-१ नमुन्यातील टक्केवारी दर (Percentage Rate) निविदा ऑनलाईन प्रणालीव्दारे मागवित आहेत. निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेत स्थळावर https://mahapwd.gov.in (Pay PWD Online) या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे. येथुन डाऊनलोड करण्यात यावी.

निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, ठाणे विद्युत विभाग, ठाणे, (प), दुरध्वनी क्र. (०२२) २५३३३१४४ यांनी राखुन ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ.क्र | कामाचे नाव | कामाची अंदाजित रक्कम रु. | निविदा उपलब्ध कालावधी | निविदा पुर्व बैठक/ठेकेदारांचा वर्ग/ इसारा रक्कम/ कोरा निविदा शुल्क | निविदा उघडणे |
|---|---|---|---|---|---|
| ०१ | Est. No. TESD/OW/City/77/2022-23 Providing Air Conditioning Unit for Collector Cabin at 1st Floor Collector Office Building, Thane. | ₹ ६,१७,३०५/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ६२००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०२ | Est. No. CR/TESD/TRS/1112/ 2022-2023 Providing Wireman and Mazdoor on Contract Basis for Maharashtra Judicial Academy Bhayender Uttan, Dist Thane. | ₹ ४,१६,७३०/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ४२००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०३ | Est. No. NMESD/OW/780 of 2022-2023 Providing Electrical Installation, Telephone Wiring for Sub Treasury Office (Room No.315) at Kokan Bhawan, CBD Belapur, Navi Mumbai. | ₹ ६,०८,८४७/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ६१००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०४ | Est. No. KESD/OW/330/2022-23 Providing Renovation to EI in Medical Superitend Cabin, Office and Pediatric Ward on First Floor at IGM Hospital, Tal-Bhiwandi, Dist-Thane. | ₹ ६,२७,१९२/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ६३००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०५ | Est. No. NMESD/ATALCR/787/ 2022-23 Providing FCAMC for VRF System of Divisional Cast Verification Committee No.1, Mumbai at Room No.9 & 10, Kokan Bhawan, CBD Belapur, Navi Mumbai. | ₹ ३,४१,५५६/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ३४५०/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०६ | Est. No. SR/KESD/K/2280/2022-23 Providing Repacement of Existing Switchgears, Gysers & Street Light Arrangements for A & B Wing at in Hon Judjes Residential Quarters at Bhiwandi, Court Dist- Thane. | ₹ ३,४५,८६३/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ३५००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०७ | Est.No.TESD/OW/City/80/ 2022-23 Providing Installation Testing and Commissioning of IP Camera CCTV System for 1st Floor at Collector Office Building, Thane. | ₹ ६,३५,५८३/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ६४००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०८ | Est. No. TESD/OW/City/41/2022-23, Prov. Supply cable, Bollard & LED floold light for jogging Track, Sheleter in premises of Principal Ditrict Judge Bunglow, Kopri, Thane. (2nd Call) | ₹ ६,३५,५१९/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ६४००/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| ०९ | Est. No. TESD/ATL/CR/City/1036/ 2022-23 Providing Wireman & Mazdoor on Contract Basis for Central Jail, Thane Regional Transport Office, Thane Anti Corruption Office, Thane.(2nd Call) | ₹ ४,१३,८५६/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ४१५०/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |
| १० | Est.No.KESD/OW/347/2022-23 Providing Repairs to EI in Electrical Workshop, Toilet Blocks, Dressing Rooom & Passage etc.in ITI Bhiwandi, Tal- Bhiwandi, Dist-Thane. (2nd Call) | ₹ ३,५२,३२४/- | दिनांक ०९.०२.२०२३. सकाळी १०.०० वाजेपासुन दिनांक २३.०२.२०२३ सायंकाळी १८.०० वाजेपर्यंत | निविदा पूर्वक बैठक नाही. ठेकेदाराचा वर्ग- ड व त्यावरील, तसेच अशा प्रकारच्या कामाचे अनुभव असणे आवश्यक आहे. इसारा रक्कम रु ३५५०/- निविदा शुल्क रु ५००/-(+) १८% GST एकूण रु ५९०/- - | दिनांक २७.०२.२०२३ सकाळी दुपारी १५.०० |

1. https://mahapwd.gov.in (Pay PWD Online) या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.
(सदर निविदा सुचने मध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईट वर कळविण्यात येईल)
2. कार्यकारी अभियंता, ठाणे विद्युत विभाग, सा. बां. विभाग, सा. बां. परिसर, ठाणे (पश्चिम), कार्यालयातील सुचना फलक.
3. महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्यामधील नोंदणीधारक वरील निर्देशित विद्युत अनुज्ञाप्तीधारक ठेकेदारच निविदा सादर करु शकतात अन्य ठेकेदाराने सादर केलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(सं. रा. पुजारी)
कार्यकारी अभियंता (विद्युत)
ठाणे विद्युत विभाग, सा.बां.विभाग, ठाणे

क्र. जिमाका/ठाणे/जाहि/ २०२२-२३/१३३

# सीमेंट ईट से चार दिवारी बनाते हैं पर उस चार दिवारी को घर विश्वकर्मा समाज बनाता है



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड । श्री विश्वकर्मा फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा प्रगट महोत्सव में विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि भवननिर्माता सीमेंट ईट से चार दिवारी बनाते हैं पर उस चार दिवारी को घर विश्वकर्मा समाज बनाता है। मीरा रोड काजल ग्राउंड में भव्य विश्वकर्मा प्रगट महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने परिवार सहित उपस्थित दर्ज कराई। इस अवसर पर विधायक गीता जैन, पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि व्यास, हिंदी सामना के निवासी संपादक अनिल तिवारी, राज रियलिटी ग्रुप के राजेश सिंह, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूपा पिंटो, भाजपा उत्तरभारतीय सेल के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह, भाजपा कामगार आघाडी अध्यक्ष अजय सिंह राजपूत, शिवा सिंह, सेवालाल विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, रामविलास विश्वकर्मा, अद्याप्रसाद विश्वकर्मा, चंद्रकांत विश्वकर्मा, परविंद विश्वकर्मा, सीए हेमंत शर्मा, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। महोत्सव को सफल बनाने में पतिराज विश्वकर्मा, कैलाशनाथ विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, सभाजीत विश्वकर्मा, चंद्रमाप्रसाद विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, जय विश्वकर्मा, जोखुराम विश्वकर्मा जयशंकर विश्वकर्मा, मुन्न विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्रेमी ने प्रेमी को लॉज में ले जाकर की पिटाई, प्रेमी फरार

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवती को उसके पूर्व प्रेमी ने लॉज के बंद कमरे में बेरहमी से पीटा और विकृत हरकत करने के लिए मजबूर किया. युवक फरार चल रहा है और काशीमीरा पुलिस उसकी तलाश में जुट गयी है। पीडित युवती २१ साल की है और ठाणे में रहती है। उसका २२ साल के एक युवक के साथ अफेयर था। हालांकि एक साल पहले ही दोनों के रिश्ते में दरार आ गयी थी और युवक कोलकाता चला गया था। कुछ दिन पहले वह वापस आया और लड़की की अश्लील तस्वीरों के आधार पर उसे ब्लैकमेल करने लगा। उसे काशीमीरा के एक लॉज में बुलाया और बेरहमी से उसे बेल्ट से पीटा। साथ ही उसे थूक चाटने पर मजबूर किया। इस संबंध में युवती ने बुधवार को काशीमीरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, अप्राकृतिक कृत्य, मारपीट जैसी विभिन्नधाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सहायक पुलिस निरीक्षक सुदर्शन पोतदार ने बताया कि आरोपी युवक फरार है जिसकी तलाश की जा रही है.

# मैक्सस मॉल में हुई तोडफोड, पठान को लेकर मचा बवाल

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : रविवार शाम को, राइट विंग हिन्दू संगठन बजरंग दल ने कथित तौर पर भायंदर के मैक्सस मॉल में शाहरुख खान की फिल्म पठान का विरोध करते हुए थिएटर में तोडफ़ोड़ किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कट्टरपंथी संगठन बजरंग दल से जुडे. १५-२० लोगों के एक समूह ने रविवार को तक़रीबन ३:३० बजे को भायंदर में शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान की स्क्रीनिंग कर रहे मैक्सस मॉल के डिस्प्ले बोर्ड को तोड.दिया। डंडे और पत्थर भी फेकें है। शाहरुख खान की फिल्म पठान देश से लेकर विदेश तक के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. इस फिल्म ने रिलीज के चार दिनों ने ४०० करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया है. हालांकि, देश के अलग-अलग हिस्सों में अभी भी फिल्म का विरोध जारी है. सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर मुगुट पाटील, भायंदर पुलिस स्टेशन ने कहा कि भीड. द्वारा शाहरुख खान और फिल्म के खिलाफ नारे लगाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हमारा बंदोबस्त था, हम ने तुरंत कार्यवाई की और नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# देश में आए बजट से मोदी सरकार की सराहना, अर्थव्यवस्था को मिलेगी बढोत्तरी - एड रवि व्यास



**भायंदर।** भारतीय जनता पार्टी, मीरा भायंदर के अध्यक्ष एड रवि व्यास ने मोदी सरकार के बजट की सराहना करते हुए इसे गरीबों, मजदूरों, किसानों और मध्यम वर्ग के लोगों के सुनहरे सपनों को पूरा करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट से नौकरी पेशा लोगों को तो फायदा हुआ ही है साथ ही छोटे उद्योगों तथा कुटीर उद्योगों को भी लाभ मिला है। बजट से महंगाई पर अंकुश लगेगी तथा बेरोजगारी की समस्या कम होगी। भारत की जीडीपी ६ से बढक़र ६.८ के बीच रहने की उम्मीद है जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन सकती है।



भारतीय सद्विचार मंच ने सैयद मुजफ्फर हुसेन, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली और उद्योगपति ज्ञानप्रकाश सिंह सम्मानित किया । इस मौके पर रमेश दुबे, कृपाशंकर सिंह, लल्लन तिवारी, डॉ. राधेश्याम तिवारी, संतोष आर.एन. सिंह, एच. एम. पाण्डेय, पंकज मिश्रा, उदयप्रताप सिंह, संजय सिंह, डॉ. हृदयनारायण मिश्रा, डॉ. ओमप्रकाश दुबे, डॉ. किशोर सिंह, डॉ. ओके मिश्रा, ओ.पी. सिंह, डॉ. शिवश्याम तिवारी, बी.पी. मिश्रा, पं. कमलाशंकर मिश्रा उपस्थित थे।

# पत्नी ने कराई पती की हत्या, हत्यारे गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट २ ने एक ३५ वर्षीय महिला को उसके मजदूर पति की हत्या की सुपारी देने के इल्ज़ाम में गिरफ्तार किया है. पति कमरुद्दीन मोहम्मद उस्मान अंसारी का शव वालीव पुलिस स्टेशन की हद्द में नायगांव की खाडी में बहते हुए मिला था. पुलिस ने एक दंपति को भी गिरफ्तार किया है जिसे उसने कथित तौर पर पति को मारने की सुपारी दी थी। जांच में पता चला ही की महिला अपने पति से पीछा छुडाना चाहती थी. उसे अपने मज़दूर पति को मारने के लिए बिलाल उर्फ़ मुल्ला निज़ाम पठान (४०) और उसकी पत्नी सोफ़िया बिलाल पठान (२८) को हायर किया। आरोपी और मकतूल दोनों मुंबई के उपनगर गोरेगांव के रहने वाले हैं। मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस की अपराध शाखा के अविनाश अंबुरे ने बताया कि, अत्यधिक सडी-गली लावारिस लाश हमें २७ जनवरी को नायगांव के पास खाड़ी में बहते हुए मिली थी। शव को ताबे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मुंबई के जे जे हॉस्पिटल भेज दिया गया था। रिपोर्ट से पता चला कि व्यक्ति की गर्दन और सिर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया था, जिसके बाद अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वालीव पुलिस स्टेशन में दफा ३०२ और २०१ के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि, हमने पुलिस स्टेशनों में गुमशुदगी रिपोर्ट की तलाश की मगर नहीं निकली. फिर आस पास के शहरों में पता लगाया तो हुलिए के हिसाब से बांगुरनगर में एक मिसिंग कंप्लेंट शव से मैच कर गयी. पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि दो दंपति कई दिनों से इलाके में नहीं दिख रहे है. मोबाइल सर्वेलन्स और इंटेलिजेंस इनपुट से सुपारी लेने वाली दंपति को गुजरात के वापी से पुलिस ने खोज निकाला और गिरफ्तार कर लिया।

# संघर्ष सेवा समिति व रहिवासियों ने शहीद हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि



भायंदर। संघर्ष सेवा समिति, भायंदर के अध्यक्ष एवं क्रांतिकारी नेता ' गौतम जैन ने प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भायंदर ( पूर्व ) स्थित बी.पी.रोड़ नाका पर व्याप्त शहीद चौक स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर सन १९८५ में पुलिस की गोली से शहीद हुवे नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाईंदर भूमि के संपादक पी.एल.चतुर्वेदी लाल, वरिष्ट-पत्रकार देवेंद्र पोरवाल, सीनियर रिपोर्टर एवं लेखक एस. एस. राजू, क्रांतिकारी नेता उपेंद्र सिंह वत्स, अन्याय विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं स्पेशल क्राइम रिपोर्टर ' सुभाष पांडेय, युवा नेता संजय जैन, कर्मठ समाजसेवक लक्ष्मीचंद टाटिया, ज़नाब अज़ीज़ अहमद, फ़रीद अहमद, भूमिपुत्र विनोद पाटील, योगी चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। आवागमन कर रहे नागरिकों ने भी शहीद चौक स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि दी तथा अमर रहे, अमर रहे, भाईंदर के शहीद अमर रहे एवं जब तक सूरज-चांद रहेगा, शहीदों तेरा नाम रहेगा नारे से भाईंदर स्टेशन के बाहर का प्रांगण गूंज उठा । भायंदर के क्रांतिकारी नेता ने बताया कि, ५ फरवरी १९८५ को ' रेल रोको आंदोलन के दौरान आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारी पुलिस की गोली से शहीद हो गए थे। जिनमें ७ नागरिकों के नाम शहीद १) बसंत बाबूलाल शाह, २) दत्ताराम तात्या आबे, ३) हितेश सी. पारिख, ४) एल.के.शाह, ५) रशीद मियां, ६ ) मेघराज एन. जाधव एवं ७) प्रणिलाल शाह बताए जाते हैं। जिनकी स्मृति में यह शहीद चौक स्मारक उस समय बनाया गया था। जहां हर वर्ष ५ फरवरी को प्रति वर्ष शहीद चौक स्मारक पर भायंदर के शहीद नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया जाता है। भायंदर के नागरिकों ने चर्चगेट से भायंदर तक लोकल ट्रेन चलाने की मांग की थी। जिस मांग को लेकर नागरिकों ने राजधानी ट्रेन को रोककर उग्र-आंदोलन कर दिया था। साल भर शहीद स्मारक चौक का रखरखाव ज़नाब अज़ीज़ अहमद मुख्तार देखते हैं।

# देश उद्योगपतियों की सलाह पर चल रहा है और गरीब लोगों को तंग किया जा रहा है - भावना जैन

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी की महासचिव और मीरा भायंदर कांग्रेस की प्रभारी भावना जैन ने गत दिनों मीरा रोड के कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया. श्रीमती जैन ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, महात्मा गांधी की सभी धर्म की समान की विचारधारा ही सर्वश्रेष्ट है. आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए कांग्रेस ने पिछले ६० वर्षों में व्यापक विकास के साथ साथ देश को अखंड रखने का भी काम किया है। वर्तमान में विभिन्न विचारधाराओं के लोग सत्ता में आए हैं, और उन्होंने लोकतंत्र की परिभाषा ही बदल दी है। हमारे पास अनुभवी नेतृत्व है और पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन के मार्गदर्शन कांग्रेस मीरा भायंदर शहर में बहुत मजबूत है, भावना जैन ने कहा. कांग्रेस गणतंत्र दिवस से राष्ट्रीय स्तर पर हाथ से हाथ जोडो अभियान शुरू करेगी. नया नगर के कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने आयी जैन ने आगे कहा कि, बीजेपी एक भ्रष्ट जुमला पार्टी है और इसकी गलत नीतियों के कारण देश में उद्योग धंधे बंद हो रहे हैं, बेरोजगारी और महंगाई बढी है। भावना जैन ने मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि, देश उद्योगपतियों की सलाह पर चल रहा है और गरीब लोगों को तंग किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर सैयद नूरजहां नज़र हुसैन (मम्मी), जिलाध्यक्ष प्रमोद सामंत, पूर्व नगरसेवक जुबैर इनामदार, अनिल सावंत, राजीव मेहरा, अशरफ शेख, मर्लिन डीसा, गीता परदेशी, रुबीना शेख, फरीद कुरैशी, प्रवक्ता प्रकाश नागने, दिनेश सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष फारूक शेख, महिला अध्यक्ष रूपा पिंटो, युवा कांग्रेस (१४५) अध्यक्ष सिद्धेश राणे, १४६ अध्यक्ष कुणाल काटकर

# लल्लन तिवारी के घर से गायब हुई कुतियां

भायंदर। राहुल एजुकेशन द्वारा संचालित मीरा रोड पूर्व स्थित कॉलेज कैंपस से दोपहर से बर्फी नामक ३ महीने की कुतिया गायब हो गई है। विदेशी प्रजाति की बर्फी अपने मालिक पंडित लल्लन तिवारी के साथ सुबह कॉलेज परिसर में गई थी। कॉलेज परिसर में घूमते समय उसे कोई या तो अपने घर ले गया, अथवा वह आसपास बहक कर चली गई। तिवारी परिवार की एक सदस्य की तरह रह रही बर्फी को सभी लोग प्यार करते थे। खासकर बच्चों का उससे बेहद लगाव था। यही कारण है कि उसके गायब होने से पूरा तिवारी परिवार परेशान है। कॉलेज का पूरा स्टाफ और वॉचमैन भी उसके गायब होने से परेशान हैं। तिवारी परिवार ने लोगों से अपील की है कि जिस किसी को बर्फी के बारे में जानकारी मिले, वह कृपया दूरध्वनी क्रमांक ०९५५२४५४९३४ पर संपर्क कर उसे पहुंचाने में मदद करे।



# मूलभूत सेवाओं के लिए मीरा भाईंदर नगरपालिका सर्वश्रेष्ठ


**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : महाराष्ट्र राज्य की २७ महानगरपालिकांओ में वेबसाईट के माध्यम से शहर के नागरिको को मूलभूत सेवा के संदर्भ में किए गए सर्वेक्षण में मिरा भाईंदर महानगरपालिका ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ! उसी प्रकार गट क्रमांक में मानांकन दर्जा प्राप्त किया है। मिरा भाईंदर महानगरपालिका में जनसंपर्क अधिकारी राज घरत के अनुसार वेबसाईट के माध्यम से शहरी नागरिको को मूलभूत सेवा मिरा-भाईंदर महानगरपालिका उपलब्ध करवाने सर्वेक्षणनुसार राज्य की २७ महानगरपालिओ में मीरा भायंदर महानगरपालीका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । उसी प्रकार से २७ महापालिकओ में सेवा, उपलब्धता, वेबसाईट, पारदर्शकता , सोशल मीडिया व मोबाईल एप्लिकेशन को लेकर किए गए सर्वेक्षणनुसार उल्लेखनीय गट में मिरा भाईंदर महानगरपालीका ने राज्य में दूसरा क्रमांक मानांकन के रूप में प्राप्त किया है। पुणे की पॉलिसी रिसर्च ऑर्गनायझेशन संस्था की ओर से राज्य के शहरो में ई-गव्हर्नन्स को लेकर वर्तमान स्थिति का अभ्यास किया गया। जहा २७ महानगरपालिकाओ का समावेश कर १ नवंबर से ३१ दिसम्बर २०२२ के बीच महापालिकांओ की अधिकृत वेबसाइट, मोबाइल एप्लिकेशन, सोशल मीडिया हॅण्डल के उपयोग के बारे में । विचार किया गया जहा । कितनी ऑनलाइन सेवाए उपलब्ध है ?

मिरा भाईंदर महानगरपालिका के आयुक्त व प्रशासक दिलीप ढोले ने उल्लेखनीय उपलब्धि को लेकर, संजय शिंदे उपायुक्त (माहिती व तंत्रज्ञान), राज घरत सिस्टीम मॅनेजर, सहित सभी व कर्मचारी के प्रति अभिनंदन किया।


**श्री साई गजानन महाराज मंदिर मिरागाव**

**मिरा रोड (पूर्व)**



**श्री संत गजानन महाराज प्रकट दिन उत्सव**



**सोमवार दि. १३ फेब्रुवारी २०२३**

**कार्यक्रम स्वरुप**

पहाटे ५ वा. ........................ महाअभिषेक, पुजन, आरती
सकाळी ७ वा. ........................ श्री विजय ग्रंथा चे सामायिक पारायण
साय. ५ वा. ........................ पारायण समाप्ती
साय. ६ वा. ........................ महाआरती,तिर्थप्रसाद
साय. 7 वा. ........................ महाप्रसाद (झुणका भाकर)

**सर्व श्री गजानन महाराज भक्तांनी उपस्थित राहून दर्शन, तिर्थप्रसाद व महाप्रसादाचा लाभ घ्यावा हि विनंती**

ठिकाण - श्री साई गजानन महाराज मंदिर, मिरागाव, एम आय डी सी रोड, गंगानगर , मिरारोड (पूर्व)

**संपर्क : 9769107005 / 9324684315**

• आपले सेवक •

**अध्यक्ष** - श्री गजानन नागे **सचिव** - श्रीरंग परब **खजिनदार** - श्री प्रकाश राऊत **व्यवस्थापक** - श्री संजय सावंत

**सेवाधारी मंडळ** - श्री नरेंद्र खंडागळे, संजय बंड, राजु बडवे, छोटेलाल पाटील, सुनील भुजबळराव, श्रीकांत शहासणे, प्रदीप बिरमोळे, कमलाकर सांवत, दिलीप बामणोरकर, मयूर चौव्हाण, आबा मालवणकर, गणपत साबळे, जितु खंडागळे.

**हितचिंतक मंडळ :** डॉ सुशिल अग्रवाल, राजु जगताप, सतीश जवंजाळ, अनिल बाठे, दिलीप जिरापुरे, संजय जायभाये, पुरुषोत्तम बाठे, सौ आशाताई कोहळे, धनंजय टाले, राजु पवार, विजय माळवे, गणेश काळे, महेश गिते, गौरव पाटील, नरेंद्र पंड्या, प्रशांत गुरव, गोविंद सावंत,

**पारायण वाचन :** सौ विजयाश्री नागे, सौ शिल्पा खंडागळे, प्रतिक्षा रावराणे, जया सावंत, प्रेमा शुक्ला भाभी व महिला मंडळ

**पुजारी- नितीन पवार, प्रमोद जोशी महाराज**

**स्वागत समिती :** छोटुभाई शर्मा, शामराव मदने, नवीन सिंग, विजय लाड, अशोक मिश्रा, गोविंद चव्हाण

**विदर्भ समाज संघ मिरा भाईदर, गंगानगर मिरागाव सर्व भक्त मंडळी**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI